Sixteenth Loksabha

an>

Title: Need to set up a health centre in Sonepat, Haryana.

श्री रमेश चन्द्र कौशिक (सोनीपत): माननीय अध्यक्षा महोदया, मैं आपका धन्यवाद करता हूं कि आपने मुझे शून्यकाल में बोलने का अवसर दिया।

महोदया, मैं आपके माध्यम से माननीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जी से अनुरोध करता हूं कि वे स्वास्थ्य विभाग को आदेश दें कि मेरे संसदीय क्षेत्र में स्वास्थ्य केंद्र बनाया जाए, जिससे लोगों की रोगों संबंधित परेशानी दूर हो सके। मेरा संसदीय क्षेत्र सोनीपत एन.सी.आर. में है। वहां कोई स्वास्थ्य केंद्र नहीं है, जबकि हजारों की संख्या में हमारे यहां सेंट्रल गवर्नमेंट के कर्मचारी हैं। इस विषय में मैं कई बार मंत्री जी से मिला और उनसे बात भी हुई और मुझे हर बार यह विश्वास दिलाया गया कि इस साल स्वास्थ्य केंद्र शुरू हो जाएगा, लेकिन अभी तक वह शुरू नहीं हुआ है। मेरी आप से यही प्रार्थना है, ताकि हमारे इलाके के लोगों की जो यह बहुत बड़ी समस्या है, यह दूर हो सके। धन्यवाद।

माननीय अध्यक्ष:

कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल,

श्री शरद त्रिपाठी,

डॉ. कुलमणि सामल एवं

श्री भैरों प्रसाद मिश्र को श्री रमेश चन्द्र कौशिक द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।